# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 20 दिसंबर 2018, वाराणसी, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर | www.livehindustan.com | वर्ष 09, अंक 299, पेज 16, मूल्य ₹4.00, मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, विक्रम संवत् 2075


**कार्यभार संभाला**

राजस्थान के तीसरी बार मुख्यमंत्री बने अशोक गहलोत ने सचिवालय में अपना कार्यभार संभाल लिया है।



**महासंग्राम-2019** लोजपा का अल्टीमेटम-सीट बंटवारे पर 31 तक तय करें, अकाली और शिवसेना ने भी आंखें तरेरीं

# गठबंधन की गांठ ढीली होने का खतरा

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान टीम

लोकसभा चुनाव से पहले ही एनडीए और यूपी में संभावित गठबंधन की गांठ ढीली पड़ने का खतरा मंडरा गया है। एनडीए के घटक दल लोकजनशक्ति पार्टी ने सीटों के बंटवारे को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। वहीं, एनडीए की सबसे पुरानी सहयोगी शिवसेना के भी तल्ख तेवर बरकरार हैं। साथ ही अकाली दल ने कहा है कि एनडीए से जो गलती 2004 में हुई, वही दोहराई जा रही है।

दूसरी ओर, बसपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा ने उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा के बीच चुनावी गठबंधन की खबरों को खारिज किया है। उधर, कांग्रेस ने कहा कि महागठबंधन पर जनवरी-फरवरी तक फैसले का इंतजार करें।

**लोजपा का अल्टीमेटम :** लोजपा के बिहार अध्यक्ष व पशुपालन मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बुधवार को भाजपा को 31 दिसंबर तक सीट बंटवारा कर लेने का अल्टीमेटम दे दिया। हालांकि चिराग पासवान ने एक दिन पहले नसीहत देने के बाद बुधवार को कहा कि घर की बात घर में ही रहनी चाहिए। हमें ज्यादा सीटें नहीं चाहिए। मंगलवार को चिराग ने ट्वीट कर कहा था कि टीडीपी और रालोसपा के एनडीए से जाने के बाद गठबंधन नाजुक मोड़ से गुजर रहा है।

**अकाली-शिवसेना के तल्ख तेवर :** अकाली दल के वरिष्ठ नेता नरेश गुजराल ने 'हिन्दुस्तान' से विशेष बातचीत में कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए के शानदार प्रदर्शन की वजह यह थी कि चुनाव से पूर्व ज्यादा दल एनडीए से जुड़े। लेकिन अब 2004 वाली एनडीए सरकार की गलती दोहराई जा रही है। बुधवार को मुंबई में अमित शाह ने कहा कि शिवसेना साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। लेकिन राज्यसभा में शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि पार्टी कैसे चुनाव लड़ेगी, यह कोई दूसरा दल तय नहीं कर सकता।

› संबंधित खबर पेज 11

## यूपी में सपा-बसपा गठबंधन की बात गलत : सतीश मिश्रा

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा ने यूपी में सपा-बसपा के बीच चुनावी गठबंधन की खबरों को खारिज किया है। मिश्रा ने मीडिया में आई इन बातों को निराधार बताते हुए कहा कि हमें नहीं पता कि ये बातें कहां से आई और किसने चलाईं। खबरों में कहा गया है कि सपा, बसपा व रालोद में सीटों का तालमेल हो गया है और कांग्रेस को गठजोड़ का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा।

### न बैठक हुई न बातचीत



'हिन्दुस्तान' द्वारा पूछे सवाल के जवाब में मिश्रा ने कहा कि इस मुद्दे पर न तो कोई बैठक हुई है और न ही कोई बातचीत। इस बात से भी इनकार किया कि अगले महीने 15 जनवरी को मायावती के जन्मदिन पर इस बात की घोषणा की जाएगी।

### अभी निर्णय नहीं, चर्चाएं निराधार: सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि गठबंधन को लेकर कोई भी निर्णय करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अधिकृत हैं। जहां तक गठबंधन की सीटों की बात है , कौन शामिल होगा, या उस पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस संबंध में चल रही सभी तरह की चर्चाएं निराधार हैं।

### फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा के बीच लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की खबरों की पृष्ठभूमि में कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में किसी भी धर्मनिरपेक्ष एवं सम्मानजनक तालमेल का हिस्सा बनने को तैयार है, लेकिन अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, बातचीत के दरवाजे खुलने या बंद होने की कोई बात नहीं है। अभी किसी स्तर पर बातचीत नहीं हुई है। जनवरी और फरवरी का इंतजार करिए।

**शिवसेना ने तेवर दिखाए** अमित शाह ने बुधवार को कहा, शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा, हम क्या करेंगे दूसरा तय नहीं कर सकता।

**अकाली दल की सलाह** अकाली नेता नरेश गुजराल ने कहा, भाजपा ने सहयोगी दलों को साथ नहीं रखा तो 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने में उसे मुश्किल हो सकती है।

**तेवर देख भाजपा सतर्क** सहयोगी दलों के तेवर देखते हुए भाजपा भी भावी स्थिति को लेकर सतर्क हो गई है। भाजपा इस मामले पर रामविलास पासवान से बात करेगी।

› ब्योरा पेज 11

8054.49 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश

# अधूरे काम पूरे करने को खजाना खोला

लखनऊ | विशेष संवाददाता

लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही यूपी की भाजपा सरकार ने विकास के कामों की रफ्तार बढ़ा दी है। इसलिए पूर्ण बजट से पहले सरकार मौजूदा वित्तीय वर्ष में दूसरी बार छोटा अनुपूरक बजट ले आई है। इसके जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी उम्मीदें बांधी हैं। इसमें जनता को लुभाने के कई जतन हैं। अनुपूरक बजट में सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय के लिए भी पैसे का इंतजाम किया है।

स्वच्छता मिशन के तहत गांवों में शौचालय निर्माण की रफ्तार बरकरार रखने के लिए सरकार ने अपनी पोटली खोल दी है। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के लिए भी भरपूर धनराशि देने का प्रस्ताव है।

› अब अयोध्या से भी उड़ान भरेंगे विमान पेज 09

### बजट की खास बातें

- श्रीराम के नाम पर अयोध्या में एयरपोर्ट
- प्रयागराज कुंभ को 100 करोड़
- स्वच्छ भारत मिशन के लिए 3000 करोड़
- जेवर एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़
- अटल विवि के लिए 10 करोड़
- अयोध्या समेत पांच जिलों में नए मेडिकल कालेज
- ऊर्जा विभाग के लिए 3894 करोड़
- ग्राम प्रहरी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानदेय
- सड़कों व पुलों के अधूरे कामों के लिए 300 करोड़
- पौधशाला के लिए 100 करोड़

### बीएचयू को एम्स जैसी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, वाराणसी में बीएचयू को भी एम्स की तरह सुविधाएं दी जाएंगी। कहा, उनकी सरकार ने पिछली सरकारों से ज्यादा बेहतर ढंग से खजाना भरा है। राजस्व वसूली में वृद्धि हुई है।

› देखें पेज 09

## प्रधानमंत्री 29 को बनारस से 'ट्रेन-18' को झंडी दिखाएंगे

नई दिल्ली | एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे तेज रेलगाड़ी 'ट्रेन-18' को 29 दिसंबर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संभावना है कि वह इसे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रवाना कर सकते हैं।

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन शताब्दी ट्रेनों की जगह लेगी और यह दिल्ली एवं वाराणसी के बीच चलेगी। ट्रेन-18 का निर्माण आईसीएफ चेन्नई ने 100 करोड़ रुपये की लागत से किया है जो हाल में भारत की सबसे तेज ट्रेन बन गई। दिल्ली-राजधानी मार्ग के एक खंड पर प्रायोगिक परीक्षण के दौरान इसकी रफ्तार 180 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रही। इस ट्रेन में दो विशेष डिब्बे होंगे जिसमें 52-52 सीटें होंगी और शेष डिब्बों में 78-78 सीटें होंगी। परीक्षण के दौरान 'ट्रेन-18' की सफलता से प्रभावित रेल मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में आईसीएफ से वर्तमान वित्तीय वर्ष में ऐसी चार और ट्रेनें बनाने को कहा है।



**100** करोड़ की लागत से ट्रेन-18 का निर्माण हुआ है

› आने को हैं पीएम पेज 02

## बुलंदशहर की घटना गहरी साजिश : योगी

**दो टूक**

लखनऊ | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुदंलशहर की घटना गहरा राजनीतिक षड्यंत्र था। इसे नाकाम कर दिया गया है। राजनीतिक षड्यंत्र का सरकार ने पर्दाफाश कर दिया है। प्रदेश में कानून का सख्ती से राज कायम किया गया है और कानून का राज हर हाल में कायम किया जाएगा।सीएम योगी विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश करने के बाद बुदंलशहर की घटना पर कुछ पूर्व आईएएस द्वारा इस्तीफा मांगे जाने की बात पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।



**जहरीली शराब के सौदागरः** उन्होंने कहा कि यह साजिश वही लोग कर रहे हैं, जिन लोगों ने प्रदेश में जहरीली शराब बनाकर लोगों को मारने का कुत्सित प्रयास किया था। यह राजनीतिक षड्यंत्र है। जो लोग षड्यंत्र कर रहे हैं वे कायर हैं। जो आमने-सामने किसी चुनौती का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं हैं, वे अपने पैरों के नीचे की जमीन खिसकती देखकर एक दूसरे को गले लगाने का प्रयास कर रहे हैं। वे निर्दोष लोगों को साजिश का शिकार बनाना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि सरकार ऐसी साजिश को सफल नहीं होने देगी। सख्ती के साथ ऐसे तत्वों से निपटेगी और निपट रही है।

## टीईटी-2018 का आज संशोधित रिजल्ट

**लखनऊ।** टीईटी-2018 का संशोधित रिजल्ट गुरुवार को जारी किया जाएगा। इस रिजल्ट के जारी होने के बाद लगभग पांच हजार नए अभ्यर्थी टीईटी में सफल हो सकते हैं। इसका शासनादेश 20 दिसंबर को जारी होगा। वहीं 69 हजार शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा में पंजीकरण की आखिरी तारीख 22 दिसंबर तक बढ़ाई जाएगी।

## मंदिर-मठों, गोशालाओं को सस्ती बिजली

लखनऊ | पंकज सिंह

यूपी में छोटे मंदिर-मठों और गोशालाओं को बिजली के बिलों में भारी छूट मिल गई है। पांच किलोवाट तक के कनेक्शन वाले धार्मिक आश्रम या मठ आदि जो चैरिटेबल ट्रस्ट में पंजीकृत हैं, उनसे अब घरेलू टैरिफ के अनुसार बिल लिया जाएगा। पहले इनकी बिलिंग कामर्शियल टैरिफ में होती थी।

इसी प्रकार पांच हार्सपावर तक गोशालाओं की बिलिंग भी नलकूप के टैरिफ के अनुसार की जाएगी। बिलिंग घरेलू टैरिफ व नलकूप श्रेणी में होने से इन छोटे संस्थाओं-गोशालाओं को हर महीने 500 से 1000 रुपये का सीधा फायदा होगा। विद्युत नियामक आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि मंदिर, मठों व गोशालाओं को सस्ती दरों पर बिजली का लाभ तभी मिलेगा जब इन संस्थाओं में किसी तरह की व्यवसायिक गतिविधियां नहीं हो रही हों। गौशालाओं में भी नलकूप, बत्ती-पंखे के लिए अलग कनेक्शन लेना होगा। दोनों की बिलिंग भी अलग-अलग होगी।

### बिल में भारी छूट

- नहीं चुकाना होगा महंगा बिजली बिल, लागू होगा घरेलू टैरिफ रेट
- विद्युत नियामक आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी किए

## वायुसेना को ताकत देने उड़ा जीसैट-7ए

**नई दिल्ली।** भारत के भूस्थैतिक संचार उपग्रह जीसैट-7ए का बुधवार को श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। इसे शाम चार बजकर 10 मिनट पर श्रीहरिकोटा के स्पेस पोर्ट के दूसरे लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया। वायुसेना अध्यक्ष बीएस धनोआ ने कहा कि जीएसएलवी-7ए से वायुसेना की नेटवर्किंग क्षमता मजबूत होगी और सेना को ताकत मिलेगी। **एजेंसी**

› हमले नाकाम करेगा पेज 11

## आयकर कानून में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली।** पचास साल पुराने आयकर कानून का मसौदा फिर से तैयार करने के लिए गठित समिति भाषा को सरल बनाने की दिशा में काम करेगी। इसकी वजह कई व्याख्याओं और समय-समय पर जोड़े गए प्रावधानों के कारण जटिल होना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह कहा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सदस्य तथा समिति के प्रमुख अखिलेश रंजन ने कहा कि इसका मकसद अनुपालन को प्रोत्साहित करना तथा कर सुनिश्चित करना है। **एजेंसी**

**जरूर पढ़ें**

### ऐसी कर्जमाफी किस काम की

एमएसपी बढ़ाने या किसानों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित किए बिना कर्जमाफी की ऐसी कवायद भविष्य में कर्ज बढ़ाएगी ही। किसानों की मुश्किलों को दूर करने के लिए दोनों मांगों पर एक साथ काम करना जरूरी है।



वीएम सिंह

पेज 12





